# पुूना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| PERIODIC ASSESSMENT -1 2020-21 | |
|---|---|
| **Grade -5** | **Subject- HINDI** |
| **Syllabus** – CH-1,2,3,4 FROM TEXTBOOK | |

**प्र-१ शब्दार्थ लिखिए**

१-हाजिरजवा़बी -तुरंत उत्तर देना
२-होशियार -चालाक
३-जौ - गेहूँ की तरह का एक खाद्य पदार्थ
४-हल -समस्या
५-मुश्किल -कठिन
६-तरीका -उपाय
७-प्रस्ताव -सुझाव,पेशकश
८-सम्मुख -सामने
९-बोरसी -मिटटी से निर्मित एक प्रकार का बर्तन
१0-घुघुतिया -कुमाऊ का त्योहार
११ -अंदाज -तरीका
१२- पहिने -पहना हुआ
१3-पुकार -आवा़ज
१४-कमान -धनुष
१५-ताड़का -एक राक्षसी का नाम
१६-असुर -राक्षस
१७- वन -जंगल
१८-तपसी -तपस्याकरनेवाला
१९- नन्हा-छोटा
२0- फ़नकार -कलाकार
२१- बुदबुदाना -धीरे से बोलना
२२ नक्काशी -पत्थर पर चित्र उकेरना
२3- किरचे -पत्थर के टुकड़े
२४- उकेरना-उतारना
२५ संगतराश-साथ में नक्काशी करने वाला
२६- पुश्तैनी -खानदानी
२७- आहट -आवाज
२८- तल्खीस -खींचकर
२९- जुर्रत -हिम्मत
30- बदहवासी -घबराहट
3१- इत्मीनान -तसल्ली से
3२- त्यौरियाँ चढ़ जाना -गुस्सा आ जाना
33- कौतूहल -जिज्ञासा,उत्सुकता

**प-२-शब्दों के एकवचन और बहुवचन रूप लिखिए।**

१-छात्रा छात्राएं
२-कुर्सियाँ कुर्सी
3-पुस्तक पुस्तके
४-गायों गायं
५-घड़ा घड़े

**प्र-3-विपरीत लिंग वाले रूप लिखिए।**

१-शिक्षक शिक्षिका
२-सिंह सिंहनी
३-देव देवी
४-युवती युवक
५-दासी दास

**प्र-४-अतिलघु उत्तरीय प्रश्न**

**१- लोनपो ने सौ जौ के बोरों को लेने के लिए अपने बेटे को कहाँ के लिए रवाना किया?**

उ- लोनपो ने सौ जौ के बोरों को लेने के लिए अपने बेटे को शहर के लिए रवाना किया।

**२- लोनपो के पुत्र को किसे मारने या बेचने की आज्ञा नहीं थी?**

उ- लोनपो के पुत्र को भेडों को मारने या बेचने की आज्ञा नहीं थी।

**३- भेडों के बाल बेचना किसे पसंद नहीं आया?**

उ- भेडों के बाल बेचना लोनपो को पसंद नहीं आया।

**४- दादी के बाल कैसे लग रहे थे?**

उ- दादी के बाल सफ़ेद रुई जैसे लग रहे थे।

**५- तिलकुट किन चीज़ो से बनाया जाता है?**

उ- तिलकुट गुड़ और तिल से बनाया जाता है।

**६- सरहुल में चंदे में कौन-कौन सी चीज़े माँगी जाती हैं?**

उ- सरहुल में चंदे में मुर्गा,चावल और मिश्री माँगी जाती हैं।

**७- पोंगल के दिन घरों में कौन-कौन सी फ़सलें काटकर लाई जाती है?**

उ- पोंगल के दिन घरों में खरीफ़ की फ़सलें,चावल,अरहर आदि काटकर लाई जाती हैं।

**८- खिलौनेवाली मोटरगाड़ी कैसी थी?**

उ- खिलौनेवाली मोटरगाड़ी सर-सर-सर चलनेवाली थी।

**९- खिलौनेवाला क्या कहकर खिलौने बेच रहा था?**

उ- खिलौनेवाला "नए खिलौने ले लो भैया"कहकर खिलौने बेच रहा था।

**१०- मुन्नू व मोहन ने क्या-क्या खरीदा था?**

उ- मुन्नू ने गुड़िया और मोहन ने मोटरगाड़ी खरीदा था।

**११- ताड़का का वध किसने किया था?**

उ- ताड़का का वध श्रीराम ने किया था।

**१२- केशव द्वारा किए गए नक्काशी के कार्यो में सर्वाधिक कठिन कार्य क्या था?**

उ- केशव द्वारा किए गए नक्काशी के कार्यो में घंटियों को बनाना ही सबसे ज़्यादा मुश्किल था।

**१३- केशव मूल रूप से कहाँ का रहनेवाला था?**

उ- केशव मूल रूप से आगरा का रहनेवाला था।

**१४- बादशाह अकबर ने सिर पर क्या धारण कर रखा था?**

उ-बादशाह अकबर ने सिर पर लाल रंग की पगड़ी धारण कर रखी थी।

**१५- खेल से मन भर जाने पर बच्चे क्या करते थे?**

उ-खेल से मनभर जाने पर बच्चे पेड़ की ड़ालियों पर झूला झूलते थे।

**प्र-५-लघु उत्तरीय प्रश्न**

**प्र-१-लोनपो कौन थे ? वह क्यों प्रसिदध थे?**

उ-लोनपो तिब्बत के बत्तीसवें राजा सौनगवसेन गांपो के मंत्री थे।वे अपनी चालाकी और हाजिरजव़ाबी के लिए दूर-दूर तक मशहूर थे।

**२-लोनपो किसके कारण चिंतित थे और क्यों?**

उ-लोनपो अपने बेटे के कारण चिंतित थे क्योंकिवह बहुत भोला था।

**३-दूसरी बार शहर जाने परलोनपो के पुत्र ने बैठने के लिए पुरानी जगह को ही क्यों चुना?**

उ-क्योंकि उसे यकीन था कि वह लड़की उसकी मदद के लिए वहाँ जरुर आएगी।

**४-पहली बार जौ के सौ बोरे लाए देखकर लोनपोगार ने क्या किया?**

उ-पहली बार जौ के सौ बोरे लाए देखकर लोनपोगार उठकर कमरे से बाहरचले गए।

**५-खिचड़ी के त्योहार के दिन केले के पत्तों पर क्या-क्या रखा गया था?**

उ-खिचड़ी के त्योहारके दिन केले के पत्तों पर तिल,गुड़,चावल रखा गया था।

**६-सरहुल का साल के वृक्ष से क्या संबंध है?**

उ-सरहुल के दिन विशेष रुप से साल के पेड़ की पूजा की जाती है। यही समय है जब सालके पेड़ो में फूल आने लगते हैं और मौसम बहुत ही खुशनुमा हो जाता हैं।

**७-पोंगल कैसे मनाया जाता है?**

उ- तमिलनाडु में मकर-संक्रांति या फ़सलों से ज़ुड़ा त्यौहार "पोंगल"के रूप में मानया जाताहै। हर घर में मिटटी का नया मटका लाया जाता है। जिसमें नए चावल,दूध औरगुड़ ड़ालकर उसे पकाने के लिए धूप में रख देते है । जैसे ही दूध में उफ़ान आता है दध-चावल मटके से बाहर गिरने लगता है तो "पोंगला-पोंगल,पोंगला-पोंगल"केस्वरसुनाई देतेहं

**८खिलौने वाली रेलकी कौन-कौन सी विशेषताएँ थीं?**

उ-खिलौने वाली रेल चाभी भर देने से भक-भक करती चलने वाली थी।

**९-खिलौने वाले के पास कौन-कौन से खिलौने थे?**

उ-खिलौने वाले के पास तोता,गेंद,मोटरगाड़ी,रेल,गुड़िया,टी-सेट,लोटा-थाली,धनुष-बाण,तलवार थे।

**१0-सरला की कौन-सी इच्छा पूरी न हो सकी और क्यों?**

उ-सरला की साड़ी लेने की इच्छा पूरी न हो सकी क्योंकि उसके पास केवल चार पैसे थे।

**११-बालक आज्ञाकारी पुत्र है । कविता के आधार पर सिदध कीजिए।**

उ-बालक अपनी माँकी हर बात मानता है इस तरह बालक आज्ञाकारी पुत्र हैं।

**१२-केशव अपनी आँखे कब, किस कारण से सिकोड़ लेता था?**

उ-हथौड़े के वार से पत्थर पर जो कटाव उभरता उससे पत्थर की किरचें छितरा जातीं और वह आँखे सिकोड़ लेता।

**१३-केशव किसके कदमों की आहट से अनजान था और क्यों?**

उ-केशव बादशाह अकबर की आहट से अनजान था क्योंकि चारों ओर हो रही छेनी-हथौड़ो की ठक-ठक, खड़-खड़ के बीच केशव को किसी के कदमों की आहट भी न सुनाई पड़ी।

**१४-पहरेदार के जाने के बाद केशव किस दुविधा में था?**

उ-पहरेदार के जाने के बाद केशव असमंजस में था कि उसे क्या करना चाहिए।वापस अपना नक्काशी का कामशुरु करे या बादशाह के हुक्म के इंतजार में खड़ा रहे।

**प्र-६- लघु उत्तरीय प्रश्न**

१-लोनपो कौन थे? वह क्यों प्रसिदध थे?

२-लोनपो किसके कारण चिंतित थे और क्यों?

३-खिचड़ी के त्योहार के दिन केले के पत्तों पर क्या-क्या रखा गया था?

४-पोंगल कैसे मनाया जाता है?

५-खिलौनेवाली रेल की कौन-कौन सी विशेषताएँ थीं?

६-सरला की कौन-सी इच्छा पूरी न हो सकी और क्यों?

७-केशव किसके कदमों की आहट से अनजान था और क्यों?

८-पहरेदार के जाने के बाद केशव किस दुविधा में था?